हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 4 फरवरी 2025

## एटीएम में महिला से अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** तहसिल थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना टांगा स्टैंड चौक स्थित एसबीआई एटीएम के अंदर हुई, जहां एक 30 वर्षीय महिला पैसे निकालने गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी प्रकाश पुरुषोत्तम पाठरावे (37), जागनाथ बुधवारी, पाठरावे मोहल्ला, टिमकी निवासी बताया जा रहा है।, आरोपी ने महिला के साथ अश्लील बातचीत और अनुचित हरकतें कीं, जिससे महिला असहज महसूस करने लगी। आरोपी की इस हरकत से महिला को मानसिक आघात पहुंचा और उसने तुरंत पुलिस थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की शिकायत पर तहसिल थाना पुलिस ने छेड़खानी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# नागपुर विभाग के लिए 1,763 करोड़

> जिला वार्षिक सामान्य योजना प्रस्तुत की गई

> उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैठक





**नागपुर.**

वर्ष 2025-26 के लिए सामान्य जिला वार्षिक योजना के प्रारूप योजना को अंतिम रूप देने के लिए आज मुख्यमंत्री तथा वित्त व नियोजन मंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता में नागपुर संभाग के सभी जिलों की बैठक हुई। वर्ष 2025-26 के लिए जिला वार्षिक योजना (सामान्य) के लिए सरकार ने घोषित किये वित्तीय सीमा के भीतर नागपुर विभाग के लिए 1,763 करोड़ 70 लाख रुपये की योजना प्रस्तुत की गई।

उपमुख्यमंत्री पवार ने संबंधित जिले के पालकमंत्री और जिला कलेक्टर के साथ विजन सिस्टम के माध्यम से जिलेवार सामान्य जिला वार्षिक योजना की समीक्षा की। इस बैठक में जिले के विभिन्न विकास योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर संरक्षक मंत्री के साथ वित्त एवं योजना राज्य मंत्री एडवोकेट भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद, विधायक, जिलों के पालक सचिव आशीष जायसवाल, योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजगोपाल देवड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मिलिंद म्हैसकर, प्रभारी विभागीय आयुक्त डॉ. माधवी खोडे, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नियोजन उपायुक्त अनिल गोतमारे जिला नियोजन अधिकारी उपस्थित थे।

नागपुर संभाग के जिलों ने सरकार द्वारा अधिसूचित वित्तीय सीमाओं के भीतर वर्ष 2025-26 के लिए जिला वार्षिक योजना (सामान्य) के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। तदनुसार, नागपुर जिले के लिए 509.6 करोड़ रुपये, वर्धा के लिए 207.22 करोड़ रुपये, भंडारा के लिए 173.27 करोड़ रुपये, गोंदिया के लिए 198.51 करोड़ रुपये, चंद्रपुर के लिए 340.88 करोड़ रुपये और गढ़चिरौली के लिए 334.76 करोड़ रुपये की वित्तीय सीमा के साथ जिला वार्षिक योजना प्रस्तुत की गई है।

नागपुर संभाग जिला वार्षिक योजना के प्रारूप योजना को अंतिम रूप देने के लिए हुई बैठक में नागपुर जिला पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, वर्धा जिला पालकमंत्री पंकज भोयर, भंडारा जिला पालकमंत्री संजय सावकारे, गोंदिया जिला पालकमंत्री बाबासाहेब पाटिल, चंद्रपुर जिला पालकमंत्री डॉ. अशोक उईक, गडचिरोली जिला सह संरक्षक मंत्री एडवोकेट आशीष जयस्वाल, प्रभारी विभागीय आयुक्त डॉ. माधवी खोडे, जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर (नागपुर), वनमती शि (वर्धा), संजय कोल्टे (भंडारा), प्रदीप नायर (गोंदिया), अविशांत पंडा (गढ़चिरौली) और विनय गौड़ा (चंद्रपुर) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

## नगर निगम की स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का धूमधाम से हुआ शुभारंभ

**नागपुर.**

नागपुर महानगरपालिका के स्कूल विद्यार्थियों में खेल के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा उनमें खेल भावना पैदा करने के उद्देश्य से, महानगरपालिका के शिक्षा विभाग ने शिक्षा महोत्सव के अंतर्गत प्राथमिक स्कूल विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को मध्य नागपुर विधायक प्रवीण दटके ने किया गया। इसका आयोजन चिटनीस पार्क में किया गया था। इस अवसर पर नगर निगम की अपर आयुक्त आंचल गोयल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राजू गायकवाड़ एवं शुभम पालकर, उपायुक्त गणेश राठौड़, शिक्षा अधिकारी साधना सैयाम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

मुझे खुशी है कि यह परंपरा फिर से शुरू हो रही है। उन्होंने मध्य नागपुर में बंद स्कूलों को शुरू करने के लिए विधायक निधि से धन उपलब्ध कराने



का वादा किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी डॉ. पीयूष अम्बुलकर, आकांक्षा संस्था के निर्देशक सोमसुर्वा चटर्जी, सहायक शिक्षा अधिकारी सुभाष उपासे, संजय दिघोरे, विनय बागले, अर्चना भोतमांगे उपस्थित थे।

इस अवसर पर खेल अधिकारी डा. पीयूष अम्बुलकर, आकांक्षा संस्था के निदेशक सोमसुर्वा चटर्जी, सहायक शिक्षा अधिकारी श्री सुभाष उपासे, संजय दिघोरे, विनय बागले, अर्चना भोतमांगे उपस्थित थे। सबसे पहले हॉकी के जादूगर दिवंगत ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मधु पारड़ ने किया।

नागपुर महानगरपालिका के नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी के मार्गदर्शन एवं अपर आयुक्त आंचल गोयल के नेतृत्व में 'शिक्षा महोत्सव' का आयोजन किया गया है। सोमवार और आज महल के चिटणीस पार्क में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए, तथा 5 से 7 फरवरी को धंतोली के यशवंत स्टेडियम में कक्षा 6 से 8 और 9 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।

इस बार 5 फरवरी को रस्साकशी (10 से 15 टीम सदस्य), 100 मीटर दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो और खो-खो का आयोजन होगा। 6 फरवरी को कबड्डी, वॉलीबॉल, लंगड़ी और क्रिकेट तथा 7 फरवरी को फुटबॉल, कैरम और शतरंज के मुकाबले होंगे। शिक्षा महोत्सव कार्यक्रम का समापन समारोह 10 फरवरी को कविवर्य सुरेश भट्ट ऑडिटोरियम में होगा।

## आईए एंड एडी वेस्ट जोन फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**नागपुर.**

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (आईए एंड एडी) में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की एक लंबी परंपरा है। तदनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी), नई दिल्ली का कार्यालय क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में वार्षिक टूर्नामेंट आयोजित करता है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों सहित सभी राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों वाली टीमें ऐसे टूर्नामेंटों में प्रदर्शन करती हैं। इसलिए टूर्नामेंट की गुणवत्ता और मानक काफी ऊंचे हैं। महालेखाकार (लेखा परीक्षा) II, महाराष्ट्र, नागपुर के कार्यालय को दत्ताप्रसाद शिरसाट, आईएएएस, महालेखाकार (लेखा परीक्षा), नागपुर के संरक्षण में पश्चिम क्षेत्र फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चार दिवसीय वेस्ट जोन फुटबॉल टूर्नामेंट आज से शिवाजी स्टेडियम, पुलिस मुख्यालय, काटोल रोड, नागपुर में शुरू होगा और 7 फरवरी को समाप्त होगा। जया भगत, आईएएएस, प्रधान महालेखाकार (ए एंड ई), महाराष्ट्र, नागपुर,आज सुबह 9.30 बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगी और 7 फरवरी 2025 को दोपहर 3.00 बजे पुरस्कार भी वितरित करेंगी। दिनेश पाटिल, आईएएएस, महानिदेशक, क्षेत्रीय क्षमता निर्माण और ज्ञान संस्थान, नागपुर पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

मेजबान, एजी महाराष्ट्र के साथ एजी गुजरात, एजी छत्तीसगढ़, एजी मध्य प्रदेश और एजी राजस्थान टूर्नामेंट में भाग लेने वाली पांच टीमें हैं, और इन चार दिनों के दौरान शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। आईए एंड एडी वेस्ट जोन टूर्नामेंट 2024 में एजी राजस्थान गत विजेता था, जबकि एजी मध्य प्रदेश उपविजेता था। विजेता और उपविजेता टीमें आईए एंड एडी इंटर जोनल फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 10 से 14 मार्च 2025 तक शिलांग, मेघालय में आयोजित किया जाएगा, जहां वे बाकी तीन जोन के विजेताओं और उपविजेताओं से भिड़ेंगे। सभी मैच 90 मिनट की अवधि के होंगे और राउंड-रॉबिन आधार पर खेले जाएंगे। कुल दस मैचों में से दो मैच उद्घाटन के दिन खेले जाएंगे, तीन-तीन मैच 5 और 6 फरवरी 2025 को खेले जाएंगे जबकि दो मैच 7 फरवरी 25 को खेले जाएंगे, जो टूर्नामेंट का समापन दिन है। प्रत्येक मैच में विजेता टीम को 3 अंक दिए जाएंगे, बराबरी के लिए 1 अंक और हारने वाली टीम को 0 अंक दिए जाएंगे। सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा, जबकि अगली टीम को उपविजेता घोषित किया जाएगा। अंक तालिका में बराबर अंक होने की स्थिति में विजेता और उपविजेता का फैसला गोल अंतर के आधार पर किया जाएगा।

टूर्नामेंट के लिए मुख्यालय द्वारा नामित विभागीय रेफरी एस. सैमसन राज (पीएजी तमिलनाडु), अताउल्ला खान (एजी उत्तर प्रदेश), सी. लियो (एजी कर्नाटक) और श्री जय किशोर (पीएजी, नई दिल्ली) हैं, जबकि अमित रंजन यादव (डीजीए गोरखपुर) और अमित नंदी (एजी पश्चिम बंगाल) चयनकर्ता हैं।

सेवन स्टार अस्पताल द्वारा एम्बुलेंस और मेडिकल स्टाफ सहायता प्रदान की जा रही है।

एजी महाराष्ट्र टीम का नेतृत्व पवन सिंह रावत करेंगे, जबकि टीम के अन्य खिलाड़ी हैं सुखदेव शिवाजी पाटिल, बिलाल शेख, सुखदीप सिंह सहोता, राजू अकनाथ गायकवाड़, अफजल अख्तर, नचिकेत पलव, जंग बहादुर सिंह, अकबर सिद्धिकी एनपी, अलीम शेख, सुमित पुंडीर, डेविड फ्रांसिस, गोपाल सिंह, नकीब अख्तर, सूर्यबली यादव, आकार धनु, जाहिद अख्तर, अनिल चौधरी, मोमिन हाशमी, आतिफ अख्तर और केके भारती।

टीम के कोच राजेंद्र सिंह नेगी हैं, जबकि मैनेजर मोहम्मद आसिफ हैं।

## 1.96 करोड़ की धोखाधड़ी, हुडकेश्वर पुलिस थाने में मामला दर्ज

**नागपुर.** हुडकेश्वर पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित स्पर्श भाऊराव गावंडे (27 ), पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार से जुड़े हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी सचिन शर्मा, जो कि श्री. श्याम इंटरप्राइजेज के मालिक हैं.

पीड़ित ने बताया कि साल 2023 में लोकेश इंफा प्रा. लि. कंपनी ने वेस्टर्न कोल्डफील्ड के खनन का कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया और उन्होंने आरोपी सचिन शर्मा को सब-कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किया। आरोपी ने पीड़ित से माल का सप्लाई करने का आग्रह किया और इसके बदले बिल की वसूली करने का वादा किया। शुरुआत में सही पेमेंट मिलने पर पीड़ित का विश्वास बढ़ गया।

लेकिन 23 मई 2023 से 27 अगस्त 2023 के बीच आरोपी ने पीड़ित से पेट्रोलियम उत्पादों की कुल 1,92,61,305 रुपये की मांग की। आरोपी ने माल की सप्लाई तो ली, लेकिन पेमेंट रिलीज करने के नाम पर पीड़ित से 4 लाख रुपये भी लिए। जब पीड़ित ने पैसे की मांग की, तो आरोपी ने न तो पेमेंट किया और न ही 4 लाख रुपये वापस किए। आरोपी ने पीड़ित को धमकी दी और पैसे वापस देने से भी इंकार कर दिया।

इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर हुडकेश्वर पुलिस थाने में आरोपी सचिन शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शांतिनगर में दिनदहाड़े हुई हत्या मामला

### अपराधी दोनों भाइयों का 4 दिन का पुलिस कस्टडी रिमांड

**नागपुर.**

शांतिनगर के कावरा पेठ परिसर में अपराधी बंधुओं ने पुरानी रंजिश में दिनदहाड़े सड़क पर प्रतिद्वंद्वी की गला रेतकर हत्या कर दी थी. रविवार की दोपहर 1.48 बजे हुई इस वारदात से परिसर में दहशत मची हुई है. मृतक शुभम राजकुमार हरणे (30) जबकि आरोपी प्रयाग पांडुरंग अस्वले (29) और उसका भाई अक्षय उर्फ लक्खा अस्वले (27) कावरापेठ हैं. दोनों को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया है जहां इन दोनों को कोर्ट ने 6 फरवरी तक पुलिस कस्टडी रिमांड में भेजा है।

शुभम और आरोपी अस्वले बंधु आपराधिक प्रवृत्ति के हैं. परिचित होने के बावजूद उनमें कई दिनों से रंजिश थी. गांजा शराब पीने के बाद विवाद



होता था. चार दिन पहले लक्खा ने ऑनलाइन टीशर्ट बुलाई थी. दो दिन पहले तीनों नशा करके बैठे थे. इसी दौरान लक्खा ने ऑनलाइन बुलाई गई टीशर्ट पहनी. छोटी होने से उतार दी. यह टी शर्ट शुभम ने पहन ली. लक्खा ने उसे टीशर्ट रखकर तीन सौ रुपए देने को कहा. शुभम ने रुपए देने से इनकार कर दिया. लक्खा रुपए के लिए अड़ गया. शुभम ने जेब से तीन सौ रुपए निकालकर जमीन पर फेंक दिए. लक्खा ने उसे रुपए उठाकर देने को कहा. इसके जवाब में उसने लक्खा को चांटा जड़ दिया जिससे तीनों में विवाद हो गया. इसके बाद से दोनों ने शुभम को सबक सिखाना तय कर लिया था।अस्वले बंधुओं ने शुभम हरणे को फोन करके चर्चा के बहाने कावरापेठ मार्ग स्थित तिड़के बीयर बार के सामने बुलाया. दोपहर 1.48 बजे शुभम अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंचा. आरोपियों ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया.

दिनदहाड़े सड़क पर हुई इस वारदात से परिसर में दहशत फैल गई. घटना का पता चलने पर शुभम के मित्र वहां पहुंचे. वह उसे ऑटो से मेयो अस्पताल ले गए जहां उसे मृतक घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बाद में हत्या के तहत मामला दर्ज का दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शुभम की इतवारी में मैयत के सामान की दुकान है. प्रयाग डागा हास्पिटल की पार्किंग में काम करता है. लक्खा ट्रक चालक है. दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हैं. शांति नगर पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है

## कॉलेज में बसंत पंचमी समारोह धूमधाम से मनाया

### जिन पर माँ सरस्वती की कृपा होती है, वे ज्ञानी और विद्या के धनी होते हैं : प्रा विजय केवलरामानी

> बसंत पंचमी के दिन किये गए सभी शुभ कार्य सफल होते है : ललित अबंवानी

**नागपुर.**

जरीपटका, नागपुर स्थित राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में बसंत पंचमी का कार्यक्रम मा श्री ललित अबंवानी (प्रसिद्ध समाजसेवी व गरीबों के मसीहा) के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालयीन प्रबंधन के अध्यक्ष प्रा. विजय केवलरामानी की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष व प्राचार्या श्रीमती नीलम आहूजा, महासचिव श्री कैलाश केवलरामानी, प्राचार्या डॉ. सुश्री उर्मिला डबीर, मुख्यध्यापिका श्रीमती रशमी वाधवानी, कोषाध्यक्षा श्रीमती रिचा केवलरामानी की प्रमुख उपस्थिति में



सोत्साह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित अबंवानी ने कहा कि बसंत पंचमी का वैज्ञानिक महत्त्व है इस दिन के बाद से ठंड कम होती है और गर्मियों की शुरुआत होती है जिससे की जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि का आगमन होता है तथा ऐसी प्राचीन मान्यता है कि इस दिन किए गए सभी शुभ कार्य सफल होते हैं।

प्रा. विजय केवलरामानी बसंत पंचमी की सबको बधाई देते हुए कहा कि बसंत पंचमी प्रसिद्ध भारतीय त्योहार है। नीलम आहूजा ने कहा कि बसंत पंचमी के पर्व से ही 'बसंत ऋतु' का आगमन होता है। कैलाश केवलरामानी ने बसंत पंचमी की सबको बधाई दी. प्रधानाध्यापिका रश्मि वाधवानी ने कहा कि बसंत पंचमी पर न केवल पीले रंग के वस्त्र पहने जाते हैं, अपितु खाद्य पदार्थों में भी पीले चावल पीले लड्डू व केसर युक्त खीर का उपयोग किया जाता है, प्राचार्या डॉ. सुश्री उर्मिला डबीर ने कहा कि बंसत पंचमी का विशेष महत्त्व है कार्यक्रम का प्रांरभ माँ सरस्वती की वंदना से की गई । कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती आरती तिवारी व आभार प्रदर्शन श्रीमती चेतना भट्ट ने किया।

## नर्सिंग अनुसंधान में नवाचार : तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित

**नागपुर.**

सीताबाई नरगुंदकर कॉलेज ऑफ नर्सिंग फॉर वूमेन में "नर्सिंग अनुसंधान को आगे बढ़ाना: पद्धतियां, नवाचार, चुनौतियां और भविष्य की दिशाएं" पर तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और महाराष्ट्र नर्सिंग काउंसिल द्वारा प्रायोजित एमकेएसएसएस सीताबाई नरगुंदकर कॉलेज ऑफ नर्सिंग फॉर वूमेन नागपूर में नर्सिंग अनुसंधान को आगे बढ़ाने पर तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें 5 क्रेडिट प्वाइंट थे। इस सम्मेलन में प्रतिष्ठित विशेषज्ञ, शोधकर्ता और छात्र नर्सिंग अनुसंधान में नवाचारों, पद्धतियों और चुनौतियों का पता लगाने के लिए एक साथ आए। इस सम्मेलन में कुल 561 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में भाग लिया। सम्मेलन की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें स्वागत नृत्य, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मुख्य अतिथि डॉ. आनंद भूतड़ा, निदेशक, न्यू एरा मदर



एंड चाइल्ड हॉस्पिटल और श्रीकांत गाडगे का अभिनंदन किया गया। एमकेएसएसएस, एसएनसीओएन के एलएमसी सदस्य इस कार्यक्रम में सम्मेलन के पर्यवेक्षकों को भी सम्मानित किया गया.विज्ञन पब्लिशर्स, सीबीएस पब्लिशर्स, जेपी पब्लिशर्स और करियर कोच अकादमी नागपुर के प्रायोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रिंसिपल डॉ. रूपा वर्मा ने सम्मेलन के विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। श्रीकांत गाडगे द्वारा दिए गए मुख्य भाषण में स्वास्थ्य सेवा उद्योग को आकार देने में नर्सिंग अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया गया। पहले दिन तकनीकी सत्रों में शोध पद्धतियों में उभरते रुझान, गुणात्मक और मात्रात्मक अध्ययनों में चुनौतियां और नर्सिंग अनुसंधान में नवाचार जैसे विषयों को शामिल किया गया। डॉ.रजनी पीटर, डॉ. सीमा सिंह और डॉ. रवि कलसैत सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने बिग डेटा एनालिटिक्स, दवा खोज में एआई और स्वास्थ्य सेवा समाधानों को आगे बढ़ाने में नर्सों की भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा की। दिन का समापन एक इंटरैक्टिव सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें छात्रों द्वारा नृत्य और संगीत प्रदर्शन शामिल थे।

दूसरे दिन की शुरुआत मिश्रित-विधि अनुसंधान और नर्सिंग शिक्षा पर एआई (चैटजीपीटी) के प्रभाव पर सत्रों के साथ हुई, जिसका नेतृत्व प्रो. डॉ. मालती लोधी और प्रो. डॉ. विंसी ने किया।

पैनल चर्चा में विभिन्न चिकित्सा विषयों के विशेषज्ञ शामिल हुए, जिनमें डॉ. शुभदा गाडे, डॉ.अर्चना दाचेवर और सुश्री शशिरेखा शामिल थीं, जिन्होंने नर्सिंग अनुसंधान में नवाचारों और चुनौतियों पर चर्चा की। अंतिम सत्र में प्रो. डॉ. सुधरानी बी बनप्पागौदर ने अनुक्रमित पत्रिकाओं के प्रकाशन में चुनौतियों पर चर्चा की। वैज्ञानिक पोस्टर और पेपर प्रस्तुति प्रतियोगिता में उत्साही भागीदारी देखी गई, जिसमें विजेताओं को समापन सत्र में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन सुश्री मोनिका तड़स द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और आयोजन समिति द्वारा समापन टिप्पणियों के साथ हुआ। सम्मेलन ने सफलतापूर्वक ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे नर्सिंग अनुसंधान और नवाचार में प्रगति को बढ़ावा मिला।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दादी-पोता गंभीर घायल

**नागपुर.** कलमाना थाना क्षेत्र में एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार बाइक ने एक स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवक और उनकी वृद्ध दादी गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी संजय विलास नागदीवे (21) घटाटे नगर, पारडी निवासी अपनी 60 वर्षीय दादी अंजनाबाई राजकुमार मेश्राम को लेकर स्कूटी से भरतवाड़ा रोड स्थित स्वस्तिक एंटरप्राइज़ के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात बाइक सवार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में संजय नागदीवे और उनकी दादी सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत भवानी हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।




CMYK

# एनएचएआई से सुरक्षा इंतजामों की अपील

## > कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट पर बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर मांग

**कोंढाली.**

नागपूर-मुंबई राजमार्ग क्र. (53/6) पर स्थित कोंढाली-वर्धा टी पांईट, जोकि एक बड़ा ब्लॉक स्पॉट बन चुका है, पर दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहाँ प्रतिदिन गंभीर और प्राणांतिक दुर्घटनाएँ हो रही हैं, जिससे नागरिकों में चिंता का माहौल है। कोंढाली के दक्षिणी भाग से 40-42 गांवों के हजारों छात्र और नागरिकों की आवाजाही इस मार्ग पर होती है। इस क्षेत्र में आने-जाने के लिए लोग तेज गति से चलने वाले राष्ट्रीय हाइवे और राजमार्ग को पैदल पार करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस बढ़ती हुई समस्या के समाधान के



लिए स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से जल्द ही जांच समिति गठित करने और इस ब्लॉक स्पॉट से संबंधित सुरक्षा उपायों की योजना बनाने की अपील की है। कोंढाली वर्धा टी पांईट पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रोड रैमलर और अन्य तकनीकी उपायों की भी मांग की गई है। कोंढाली वर्धा टी पांईट से कोंढाली के दक्षिण भाग के 40-42 गांवों के हजारों स्कूली छात्र, किसान और आम नागरिक प्रतिदिन गुजरते हैं। यहां के पांच प्रमुख स्कूलों में लगभग 4000 बच्चे पढ़ाई करते हैं, और हर दिन अभिभावकों को अपने बच्चों को सड़क पार कर स्कूल भेजने में परेशानी होती है। यह स्थिति दुर्घटनाओं को जन्म देती है। इस मार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण जरूरी है। यह मांग क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा की गई है, जिसमें स्थानीय नागरिक और नेता शामिल हैं। ओवरब्रिज के निर्माण से यहां होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

**मांग पत्र:**

इस मामले को लेकर कोंढाली क्षेत्र / नगर सुधार समिती और कौन्सिल फॉर ह्युमन राईट्स द्वारा राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी भेजी जा चुकी है और जल्द ही इस विषय पर पत्र भेजने की योजना है। यहां के नागरिकों की जान बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का स्वागत

**कामठी.**



शहर के फुटाना ओली में रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी राष्ट्रीय का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा के संपर्क प्रमुख पंकज वर्मा, शहर महामंत्री विजय कोंडुलवार, ज़िला सह संयोजक मीडिया सेल आशु अवस्थी, युवा नेता अष्पक शेख, युवा नेता लकी सरदार सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र पांडे आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस मौके पर जमाल सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान के तहत देश में बीजेपी की अल्प संख्यक मोर्चा की टीम भी बढ़-चढ़ कर इसमें अपनी भूमिका निभा रही है और बड़ी संख्या में अल्प संख्यक समुदाय के लोग बीजेपी से जुड़ रहे हैं. विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अक्सर बीजेपी को मुस्लिम विरोधी कहा जाता है, लेकिन बीजेपी के इस सदस्यता अभियान में मुस्लिम समुदाय के लोगों का वडी संख्या में जुड़ना पार्टी के लिए काफी उत्साहजनक है.

## बावनकुले की मौजूदगी में वैशाली मानवटकर ने थामा भाजपा का दामन

**कामठी.**



नगर परिषद स्वास्थ्य व स्वच्छता विभाग पूर्व सभापति व प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व सचिव की सौ.वैशाली बॉबी मानवटकर ने अपने पति समाजसेवी बॉबी मानवटकर ने भाजपा प्रवेश किया। उनका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व मंत्री, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया। आने वाले निकाय चुनावों के ठीक पहले कांग्रेस को झटका लगा है।

ज्ञात हो कि सौ वैशाली मानवटकर की कांग्रेस से नाखुश होने और संभवतः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलें लगने लगी थीं। हालांकि, रविवार को हवा का रुख साफ हो गया, जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की मौजूदगी में सौ. वैशाली मानवटकर ने अपने पति के साथ भाजपा का हाथ थाम लिया। सौ.वैशाली मानवटकर ने बताया कि 20 साल से अधिक समय तक कांग्रेस पार्टी में रहने के बाद वह कांग्रेस में 'घुटन' महसूस कर रही थी। इधर ठीक निकाय चुनावों से पहले सौ. वैशाली मानवटकर का कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाने से कांग्रेस पार्टी को बहुत नुकसान हुआ। इसका असर आगामी दिनों में होने वाले निकाय चुनावों पर दिख सकता है।

भाजपा में शामिल होने पर सौ. वैशाली मानवटकर का मोना ठाकुर, रंजना वाजपेई, दिलीप बांडेबुचे, राकेश दमके, करिश्मा भनारकर, मुज़्तफ़ा हैदर, मंदा बोरकर, राजू नेवारे, आरती नल्लमवार, गोलू ऊके, शीतल बरबटे, सागर बिसने, अमोल मानवटकर, ज्योति नेवारे आदि ने अभिनंदन किया है।

## पक्षियों के लिए दाना-पानी का यादव ने लिया संकल्प

**कामठी.**



समाज सेवी संस्थाओं ने प्रतिदिन कुछ समय निकालकर विभिन्न जगहों पर पशु पक्षियों के लिए दाना, पानी की व्यवस्था किया जाना चाहिए।

इस संबंध में छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव ने अपने जन्मदिन पर गणेश टेकडी स्थित गणेश की पूजा अर्चना करने उपरांत उपरोक्त वक्तव्य व्यक्त करते हुए बताया की गर्मी शुरु होते ही पशु पक्षियों में और खासकर पक्षियों के लिए अब दाना-पानी की समस्याएं शुरु हो गई हैं। समय पर दाना पानी नहीं मिलने से प्रतिवर्ष कई पक्षियों की असमय मौत हो जाती है। जल ही जीवन है, जीव मात्र के लिए जल अति आवश्यक है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है पक्षी भी पानी के लिए इधर-उधर भटकने लगते हैं। इस बात को ध्यान रखकर पक्षियों के लिए गर्मियों में दाना-पानी पात्र वितरित करने का रितेश यादव ने अपने परिवार के साथ संकल्प लिया है।

इस मौके पर पुनीत कार्य में सोनु रितेश यादव, मानसी द्विवेदी, कनक यादव, सार्थक यादव, सौम्या यादव, उज्जवल यादव, मानसिंह यादव, हर्षल यादव सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने सहयोग करने का संकल्प लिया हैं।

## पत्नी के गले पर कटर से हमला

**कोंढाली.**

यह घटना कोंढाली से तीन किलोमीटर दूर नांदोरे फाटे के पास 1 फरवरी की रात लगभग 9 बजे हुई, जब एक पति ने अपनी पत्नी के गले पर धारदार कटर (ब्लेड) से गहरे घाव किए और उसे जान से मारने का प्रयास किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, काटोल तहसील के चिखलागढ़ निवासी प्रमोद अशोक सोहलीया (30) और उसकी पत्नी स्वाति उर्फ स्विटि प्रमोद सोहलीया (26) ने आठ साल पहले क्षेत्र आळंदी में एक मंदिर में शादी की थी। शादी के बाद, वे आदर्श नगर वाड़ी में रहने लगे थे। प्रमोद एक पैकर और मुव्हर्स का काम करता था। इस जोड़े की एक सात साल की बेटी और पांच साल का बेटा है।

प्रमोद को शराब की लत के कारण स्वाति और प्रमोद के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे। साथ ही, प्रमोद अपनी पत्नी के चरित्र पर शक भी करता था। इस वजह से वे पिछले छह महीने से अलग-अलग रहते थे। प्रमोद बुटी बोरी में रह रहा था, जबकि स्वाति आदर्श नगर वाड़ी में रह रही थी।

1 फरवरी को प्रमोद ने स्वाति को फोन किया और बेटी से मिलने की इच्छा जताई। प्रमोद ने उसे बताया कि उसके कामकाजी हालात ठीक नहीं हैं और वह स्वाति को कोंढाली-अमरावती राजमार्ग के एक धार्मिक स्थल पर चलने के लिए कहने आया। दोनों अपनी बेटी के साथ रात 8:30 बजे कोंढाली पहुंचे। कोंढाली से लगभग दो किलोमीटर दूर नांदोरा फाटे पर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर प्रमोद ने स्वाति का मुंह दबाकर गले और हाथ पर धारदार कटर (ब्लेड) से वार किया। इस हमले में स्वाति लहूलुहान हो गई और चीखने लगी।

प्रमोद ने बाद में स्वाति को घबराकर वाड़ी ले जाकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। स्वाति ने इस घटना की जानकारी वाड़ी पुलिस को दी। पुलिस ने स्वाति को मेयो सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद, 3 फरवरी को कोंढाली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई।

कोंढाली पुलिस ने शिकायत दर्ज होते ही प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया। कोंढाली थानेदार राजकुमार त्रिपाठी और उनके स्टाफ ने आरोपी को हिरासत में लिया। घटना की जानकारी काटोल पुलिस उपविभागीय अधिकारी बापूसाहेब रोहम को दी गई। उपविभागीय अधिकारी और थानेदार स्टाफ के साथ घटनास्थल का पंचनामा किया गया और प्रमोद अशोक सोहलीया के खिलाफ भारतीय दंड संहिता को धारा 109 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।



## गादा में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**कामठी.**

महाराष्ट्र सरकार राजस्व मंत्री, जिले के पालक मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावकुले के अथक प्रयासों के साथ, कामठी तालुका के गादा गांव में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन ज़िला परिषद के पूर्व विरोधी पक्ष नेता अनिल निधान के हस्ते किया गया।

इनमें गादा, नेरी, एम.डी.आर. सड़क के लिए 5 करोड़ रुपये, पानी टंकी कुएं के बांधकाम के लिए 19 लाख रुपए, डब्लू.बी.एम. रोड के लिए 10 लाख रुपए का समावेश है।इस अवसर पर, गादा सरपंच सचिन डांगे, कडोली सरपंच लक्ष्मण करारे, भोवरी सरपंच ऋषि भेंडे, गुमथाडा सरपंच प्रणाली योगेश डाफ, उपसरपंच शेषराव दवंडे, अंकुश ठाकरे, भारतीय भोई समाज विकास मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोहर भोयर सहित ग्राम पंचायत सदस्य व गांव के नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## युवा किसानों के लिए कृषि चिकित्सालय और अत्याधुनिक कृषि प्रशिक्षण केंद्रों की मांग

**कोंढाली.**

महाराष्ट्र में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और नवीनतम कृषि जानकारी से सशक्त बनाने के लिए कृषि चिकित्सालयों और आधुनिक कृषि प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की मांग तेज हो रही है। किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने, उत्पादन बढ़ाने और उन्हें अत्याधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ देने के उद्देश्य से हर राजस्व मंडल में कृषि चिकित्सालय शुरू करने की मांग की गई है।किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए कृषि प्रयोगशाला और कृषि चिकित्सालयों के लिए विशेष आर्थिक निधि की मांग की गई है। साथ ही, यह प्रस्ताव दिया गया है कि तालुका कृषि विभाग के अंतर्गत प्रत्येक तहसील में चरणबद्ध तरीके से आधुनिक कृषि सुविधाएं विकसित की जाएं।इस योजना के तहत, युवा किसानों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण, कृषि प्रदर्शन और वैज्ञानिक परामर्श देने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए स्वतंत्र और उच्च शिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया है। कृषि चिकित्सालयों की देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी तालुका कृषि अधिकारी और जिला कृषि मंडल के अधिकारियों को दी जाएगी।इस योजना को लागू करने और केंद्र सरकार से स्वीकृति दिलाने के लिए स्थानीय किसान संगठनों ने एकजुट होकर सरकार से मांग की है। प्रमुख किसान नेताओं में भास्करराव पाराड, उत्तम काले, सतीश चव्हाण, किस्मत चौहान, पदम पाटिल डेहनकर, नरेश नागपूरे, वीरेंद्र सिंह व्यास, सुधीर गोतमारे, बालकिसन पालीवाल, महेश गोडबोले, याकूब पठाण, विवेक चिंचखेडे, प्रकाश बारंगे, निकिता भोंगळे, रामदास मरकाम आदि शामिल हैं। किसानों का कहना है कि यदि सरकार राजस्व मंडलों में अत्याधुनिक कृषि प्रयोगशालाओं और कृषि चिकित्सालयों को मंजूरी देती है, तो इससे किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद मिलेगी और उनका उत्पादन भी बढ़ेगा। किसानों ने महाराष्ट्र सरकार और केंद्रीय कृषि मंत्री से इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द मंजूरी देने की अपील की है।

**इन कृषि चिकित्सालयों में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी:**

1 मिट्टी और पानी के नमूनों का विश्लेषण
2 फसल रोग और कीटों की पहचान व निदान
3 फसल प्रदर्शन और उन्नत कृषि विधियों पर प्रशिक्षण
4 सिंचाई और जैविक खेती के उन्नत तरीके
5 बीज उत्पादन, ग्राफ्टिंग, ग्रीन हाउस और शून्य ऊर्जा आधारित शीतगृह का निर्माण
6 कृषि उपकरणों का प्रदर्शन और आधुनिक खेती के बारे में मार्गदर्शन



## अपराधियों की कोई जाति, धर्म या संप्रदाय नहीं होता - वडेट्टीवार

**नागपुर.** सरपंच संतोष देशमुख मामले में किसी को भी आरोपियों का समर्थन नहीं करना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अपराधियों की कोई जाति, धर्म या संप्रदाय नहीं होता, इसलिए यदि साधु-संत भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते तो उनकी श्रेष्ठता नजर आती।

यह सही नहीं है कि संतोष देशमुख मामले को मराठा बनाम ओबीसी के रूप में चित्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर हर कोई यह कहने लगे कि अपराधी हमारे समुदाय का है, इसलिए उसका समर्थन करो, तो राज्य में कानून-व्यवस्था नहीं रहेगी। सरपंच देशमुख की हत्या एक भयानक घटना है। इसलिए, जो लोग आरोपियों का समर्थन करेंगे, वे बेकार माने जाएंगे, वडेट्टीवार ने आलोचना की। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए वडेट्टीवार ने कहा कि राज्य में किसानों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, छात्रों और ठेकेदारों के लिए धन लंबित है। वडेट्टीवार ने आलोचना करते हुए कहा कि विदर्भ में भारी बारिश हुई है और किसानों को 386 करोड़ रुपए की सहायता देने का सरकार का प्रस्ताव पिछले छह महीने से धूल में पड़ा हुआ है। किसानों से धान और सोयाबीन की खरीद तो की गई, लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निराधार योजना का भुगतान नहीं किया गया।"

## सिनेमा हॉल में राष्ट्रगान शुरू करने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन

**कामठी.**

भारत के राष्ट्रगान से पता चलता है कि हमारे देश में संस्कृति, परंपराओं, धर्मों और भाषा के बीच अंतर के बावजूद भारत एक झंडे के नीचे है। यह देश के प्रति देशभक्ति को देखने का एक तरीका है। मातृभूमि के देशभक्ति के लिए, कामठी के तहसीलदार गणेश जगदाले को एक सामूहिक ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि नागपुर शहर



सिनेमा में हर फिल्म में फिल्म शुरू होने से पहले राष्ट्रगान शुरू किया जाता है। अतः कामठी शहर के सिनेमा हॉल में भी फिल्म शुरू होने के पहले राष्ट्रगान शुरू किया जाए।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता दिपंकर गणवीर, ग्रा.प.सदस्य अनिल पाटील, अनुभव पाटील, नागसेन सुखदेवें, सुभाष सोमकुवर, आशिष मेश्राम, नरेश वासनिक, राजन मेश्राम, नरेश वाघमारे, सलमान अब्बास आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## पीडब्लूएनसैट ने विद्यार्थियों की सफलता में किये 2.2 करोड़ के कैश पुरस्कार वितरित

**नागपुर.**

एजुकेशन प्लेटफॉर्म, फिज़िक्सवाला (पीडब्लू) ने पूरे देश में आयोजित नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (पीडब्लूएनसैट) 2024 में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 1,581 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। अकेले नागपुर में पीडब्लू ने 14 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। शिक्षा प्राप्त करना आसान




बनाने के लिए पीडब्लू ने इस पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को 2.2 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार वितरित करके उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया। देश में स्कॉलरशिप के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट, पीडब्लूएनसैट में पूरे देश से 15.5 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। 250 करोड़ रुपये के पीडब्लूएनसैट 2024 स्कॉलरशिप फंड द्वारा पीडब्लू का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस की फिक्र किए बगैर कोचिंग प्राप्त करने में समर्थ बनाना है। पीडब्लूएनसैट 2024 का उद्देश्य जेईई और नीट प्रत्याशियों को फैकल्टी, संसाधन और अध्ययन का वातावरण प्रदान करना है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम वित्तीय सहायता के अलावा, रहने की व्यवस्था में सहयोग और मेंटरशिप भी उपलब्ध कराएगा

## बैग हाउस और स्टेशनरी की आड़ में ई-सिगरेट बेचने वाला गिरफ्तार

**उमरेड.**

उमरेड नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित आनंद बैग हाउस एंड स्टेशनरी की दुकान की आड़ में संचालक आनंद रामकृष्ण झोड़े ई-सिगरेट बेच रहा था। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद उमरेड पुलिस ने छापा मारते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

यह दुकान नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज के छात्र आते हैं। हाल ही में कक्षा 5वीं, 6वीं और 7वीं के कुछ विद्यार्थियों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर यहां से ई-सिगरेट खरीदी थी। जब एक छात्र की मां ने उसके पास पेन जैसी चीज देखी, तो जांच करने पर पता चला कि वह ई-सिगरेट थी। इसके बाद अभिभावकों ने आपस में चर्चा



की और बच्चों से पूछताछ की। छात्रों ने बताया कि उन्होंने यह ई-सिगरेट आनंद बैग हाउस एंड स्टेशनरी से खरीदी थी। बच्चों ने यह भी खुलासा किया कि दुकान में 1,000 से 5,000 रुपये तक की ई-सिगरेट उपलब्ध है।

जब इस मामले की गहराई से जांच की गई, तो पता चला कि दुकान में गांजा, फ्लेवर वाली सिगरेट, ई-सिगरेट, हॉर्स पाउडर और गर्भपात की गोलियां भी बेची जा रही थीं। इस जानकारी के बाद सभी अभिभावकों ने उमरेड पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

शिकायत के बाद पुलिस निरीक्षक धनाजी जलक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत पुलिस कर्मियों को दुकान में भेजा और छापेमारी कराई। पुलिस ने आरोपी आनंद झोड़े को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ ई-सिगरेट निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल, इस पूरे मामले की जांच पुलिस निरीक्षक धनाजी जलक कर रहे हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## पोरवाल कॉलेज में केसरी कलारंग का उद्घाटन

**कामठी.**

स्थानिक सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज में केसरी कलारंग अर्थात सांस्कृतिक एवं अध्ययनपरक कार्यक्रम के अंतर्गत वार्षिक स्नेहसम्मलेन का आज सोमवार 3 जनवरी को उद्घाटन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार भाटिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गणेश चाफ़ले, प्राचार्य नूतन सरस्वती विद्यालय, कामठी तथा विशेष अतिथि के रूप में साजिद अहमद खान, सुपरवाइजर रब्बानी जूनियर कॉलेज, कामठी उपस्थित थे। साथ में प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय चव्हाण , उपप्राचार्या डॉ. रेनू तिवारी, उपप्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. गजाला हाशमी मंच पर उपस्थित थी।

कार्यक्रम में प्रस्तावना डॉ. गजाला हाशमी ने रखी। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कॉलेज में 3 से 5 जनवरी तक होनेवाले विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय




चव्हाण ने कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा को सबके सामने आती हैं, इसी कलात्मक विकास को बहार लानेपर उन्होंने बल दिया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि साजिद अहमद ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है। कॉलेज जीवन में ही हमारी प्रतिभाओं को अवसर मिलता हैं, इसलिए यह सांस्कृतिक मंच बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश चापले ने अपने भाषण में कहा कि आजकल अधिकतर विद्यार्थी मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र की ओर रुख करते हैं, लेकिन जो कला, वाणिज्य और विज्ञान विषय लेकर विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं, वो बधाई के पात्र हैं, एक तरह से वे समाज में जाकर किसी भी क्षेत्र और किसी भी परिस्थिति का सामना अपनी कला के माध्यम से कर सकते हैं, क्योंकि वे जीवन जीने की कला जानते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक कुमार भाटिया ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्र मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र के छात्रों की तुलना में प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकते हैं और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके वह एक अच्छा प्रशासनिक अधिकारी भी बन सकते है। उन्होंने संदेश दिया कि विद्यार्थियों को केसरी कलारंग से बहुत कुछ सीखना चाहिए।

**शुभांक**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 180-9 | 124-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 277-6 | 690-5 |
| प्रभात | 348-5 | 114-6 |
| प्रभात नाईट | 446-4 | - |
| डायमंड | 344-1 | 367-6 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 170-8 | 889-5 |
| मेन रतन | 130-4 | 470-1 |
| कल्याण | 136-0 | 189-8 |
| राजधानी डे | 556-6 | 346-3 |
| राजधानी नाईट | - | - |
| कुबेर डे | | |
| डायमंड नाईट | 580-3 | 158-4 |

# बढ़ती बेरोजगारी और अवैध कारोबार का गढ़

## रोजगार के अभाव में पलायन और अपराधों में वृद्धि, प्रशासन कब उठाएगा ठोस कदम?

**हिंगनघाट.**

शहर और तहसील में बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। तेजी से बढ़ते इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर नगण्य हैं, जिससे युवाओं को या तो पलायन करना पड़ रहा है या फिर वे अवैध धंधों की ओर बढ़ रहे हैं। स्थिति यह है कि शहर का व्यापारिक क्षेत्र भी प्रभावित हो चुका है, और स्थानीय बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है।

रोजगार की कमी के कारण स्थानीय व्यापारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहते हैं, लेकिन खरीदारों की संख्या लगातार घट रही है। ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन ने व्यापार पर और अधिक संकट खड़ा कर दिया है।




हिंगनघाट तहसील लंबे समय से 'कॉटन हब' के रूप में जाना जाता है, लेकिन वर्तमान में ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी गंभीर संकट से गुजर रही है। किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे आर्थिक तंगी में हैं। खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है, और नतीजतन, किसान आत्महत्याओं की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

शहर और गांवों में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन रोजगार के अभाव में वे भी असमंजस की स्थिति में हैं। वे सरकार और प्रशासन से रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं।

**युवाओं का पलायन और अवैध धंधों की ओर झुकाव**

रोजगार के अभाव में हिंगणघाट और आसपास के गांवों के युवा बेहतर अवसरों की तलाश में अन्य शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। वहीं, जो युवा यहां रुकने को मजबूर हैं, वे अवैध कारोबारों की ओर बढ़ रहे हैं। इस कारण शहर में अपराध दर में वृद्धि हो रही है और पुलिस प्रशासन के लिए स्थिति संभालना चुनौती बन गया है।

### प्रशासन कब उठाएगा ठोस कदम?

बेरोजगारी और अवैध धंधों के बढ़ते ग्राफ के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। हिंगणघाट तालुका को फिर से एक विकसित और रोजगारयुक्त क्षेत्र बनाने के लिए सरकार को ठोस नीतियां बनानी होंगी।

# खेत के कुएं में गिरा तेंदुआ

## > वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा, तिवसा के मालदुर की घटना



**अमरावती.**

तिवसा तहसील के मालुदर में शिकार की तलाश में निकला एक तेंदुआ अचानक खेत के कुएं में गिर गया. इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग के चांदुर रेलवे कार्यालय की रेस्क्यू टीम ने बाघ को सुरक्षित बाहर निकाला और जंगल में उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया. तीन दिन से क्षेत्र में तेंदुए की चहलकदमी से किसान काफी डरे हुए थे. तिवसा में गुरुकुंज मोजरी से कुछ दूरी पर स्थित मालदुर वशिरजगांव, अनकवाड़ी में पिछले तीन-चार दिनों से तेंदुओं की मौजूदगी के कारण किसानों में काफी दहशत फैल गई थी. चांदूर रेलवे के वन विभाग की रेस्क्यू टीम पिछले तीन दिनों से तेंदुए की तलाश कर रही थी. इसी तरह रविवार को कुछ मजदूरों ने शिकार की तलाश में आए एक तेंदुए को खेत के कुएं में गिरा हुआ देखा. मजदूरों ने उप-सरपंच सुरेंद्र भिवकुडे को सूचित किया और भिवकुडे ने चांदूर रेलवे की बचाव टीम को सूचित किया. सूचना मिलते ही बचाव दल काफिले के साथ तुरंत खेत में बने कुएं पर पहुंच गया. बचाव दल ने क्रेन की मदद से पिंजरे को कुएं में उतारा और तेंदुए को पिंजरे में फंसाने का पुरजोर प्रयास किया। इसके बाद वन विभाग ने तेंदुए को उसके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ दिया। तीन-चार दिन तक दहशत में रहे किसानों ने आखिरकार तेंदुए के पकडे जाने पर राहत की सांस ली.

# दारोडा टोल प्लाजा पर 36वां सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम संपन्न

**बोरखेड़ी.**

बोरखेड़ी-वडनेर-केलापूर प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ संपन्न दारोडा टोल प्लाजा पर 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक 36वां सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जनवरी को वृक्षारोपण के साथ किया गया, जिसके बाद पूरे महीने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए एवं वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्टिकर्स लगाए गए। सड़क पर सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व को समझाने हेतु विशेष सत्र आयोजित किए गए।




टोल प्लाजा के आसपास के गाँवों में सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई. 31 जनवरी को कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वडनेर पुलिस स्टेशन के कर्मचारी समीर कांमडी, बोरखेड़ी-वडनेर-केळापूर टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर बालगणेश सर, दारोडा टोल प्लाजा मैनेजर, कॉरिडोर मैनेजर कुंडलराव सर, मेंटेनेंस मैनेजर राहुल सिंह सर समेत कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के लिए सेफ्टी मैनेजर निखिल पांडा और उनकी टीम ने कड़ी मेहनत की। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए, वहीं सभी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने सुरक्षित यात्रा का संकल्प लिया।

# भिकाराम बाबा मंदिर के कलश की स्थापना

**आर्वी.**

यहाँ 31 जनवरी, को योगिराज श्री संत भिकाराम बाबा की 71 वीं जन्म वर्षगांठ पर विदर्भ के दाऊतपुर में उनका द्वितीय मंदिर बनाया गया. इससे पहले, योगिराज भिकाराम बाबा का विदर्भ में पहला मंदिर 4-5 साल पहले रानी अमरावती में स्थापित किया गया था। जबकि इस अवसर पर कोई योजना नही न होते हुए भी संत अवलिया भगवानबाबा अचानक कार्यक्रम में पहुंचे। आखिर आष्टा-वडाळा के श्री.संत भिकारामबाबा के इच्छा नुसार अवलिया भगवानबाबा के हाथों व्दितीय मंदिर के कलस की स्थापना की गई. दाऊतपुर में इस प्रसंगपर 5 से 7 हजार भक्तों ने महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया.

# प्रमाण पत्र वितरण एवं छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## कराटे एक कला है जो आत्मरक्षा कौशल विकसित करती है: पराग पोटे

**वर्धा.**

खेलों में कराटे एक बहुआयामी खेल है, जो बहादुरी और आत्मरक्षा की कला का अनूठा संयोजन है। कराटे न केवल एक खेल है, बल्कि यह आत्मविश्वास और आत्मसम्मान से समाज में रचनात्मक व्यवहार करने की क्षमता भी विकसित करता है। यही कारण है कि कराटे से व्यक्तित्व का विकास होता है और आत्मरक्षा के कौशल को भी निखारा जाता है। यह विचार वर्धा शहर के थानेदार पराग पोटे ने व्यक्त किए। वे 31 जनवरी को शहीद हुतात्मा स्मारक में लायंस कराटे ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित प्रमाण पत्र वितरण एवं छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के उद्घाटनकर्ता के रूप में बोल रहे थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष हेमंत नरहरशेट्टीवार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अग्रग्रामी मसाला स्कूल की प्रधानाध्यापिका सिस्टर जस्सी जोसेफ, लायंस ट्रेडिशनल शोटोकन कराटे एसोसिएशन के राष्ट्रीय सलाहकार इमरान राही, अष्टेदु अखाड़े के अध्यक्ष मोहन मोहिते, आदर्श कॉन्वेंट जूनियर कॉलेज के संस्थापक विलास देशमुख, सचिव श्रीमती लीलाताई वाघ और कार्यक्रम के आयोजक कोशी उल्लास वाघ प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इमरान राही ने अपने विचारों में कहा कि वर्धा शहर में कई स्थानों पर कराटे प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन उल्हास वाघ का केंद्र एकमात्र ऐसा केंद्र है जो खेल के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास को भी प्राथमिकता देता है। इस अवसर पर मोहन मोहिते ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की प्रस्तावना कोशी उल्हास वाघ ने की, संचालन अमोल मानकर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती लीलाताई वाघ ने किया।

इस प्रशिक्षण वर्ग के दौरान कई कराटे पैट्स को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंसेई संजय आश्रम, सेंसेई साहिल वाघ, वेदांत चौधरी, प्रेम कवंर, मिहिर वाघ, आर्यन चाप्पेकर, आर्यन वानखेड़े, कैवल्य सागरकर, धनश्री मेडे, क्रांति मोहिते, रेखा वाघ, शीतल लाजुरकर और संग्राम मोहिते ने अथक प्रयास किए।

# ट्रक दुर्घटना में 7 वर्षीय बच्ची की मौत

## लोगों ने आरोपी को की गिरफ्तारी को लेकर किया हंगामा

**अकोला.**

अकोट शहर के रेलवे ब्रिज से दर्यापुर जाने वाली सड़क पर रविवार रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 7 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग की। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी अनमोल मित्तल ने मौके पर पहुंचकर बताया कि भीड़ को शांत करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अकोट-अकोला रेलवे लाइन पर स्थित इस पुल से अकोला, दर्यापुर और अमरावती की ओर भारी मात्रा में यातायात गुजरता है। रविवार की रात जब दो बहनें अपनी बाइक पर खाना खाने जा रही थीं, तभी ट्रक नंबर एम. एच। 27 X 7409 और एक दोपहिया वाहन से जुड़ी गंभीर दुर्घटना। इस दुर्घटना में दीपक जसवानी की 7 वर्षीय बेटी की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि बच्चे का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। गुस्साए नागरिक बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्र हो गए, जिसके कारण पुलिस को तुरंत सुरक्षा बढ़ानी पड़ी।

अकोट रेलवे पुल पर सुरक्षा संबंधी बड़ी समस्या है। यहां स्ट्रीट लाइट न होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुल पर रोशनी की मांग को लेकर बार-बार प्रदर्शन और प्रदर्शन किया है।

# दो बच्चों की डूबने से मौत

**गोंदिया.**

बैल धोने गए दो चचेरे भाइयों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ये घटना गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत अरततोंडी गांव की है। इस हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

स्कूल की छुट्टी होने के कारण 12 वर्षीय दुर्गेश पातोडे और उसका चचेरा भाई 12 वर्षीय रितिक पातोडे गांव के तालाब पर बैल धोने गए थे। बैल धोने के बाद दोनों को तालाब में नहाने की इच्छा हुई, जिससे वे पानी में उतरे । लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं लगने और तैरने नहीं आने के कारण दोनों पानी में डूब गए।

काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। जब गांव के लोग तालाब पहुंचे तो दोनों का शव पानी में तैरते नजर आया।

# मातोश्री आशाताई कुणावार महिला महाविद्यालय में सांस्कृतिक महोत्सव 'रंग माझ्या पांडुरंग' का भव्य आयोजन

**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशाताई कुणावार कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, हिंगनघाट के सांस्कृतिक विभाग द्वारा 20 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक "उत्सव सांस्कृतिक – रंग माझ्या पांडुरंगचा सांस्कृतिक महोत्सव 2025" का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

महोत्सव की शुरुआत 20 जनवरी 2025 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जिसके परीक्षक डॉ. नितिन अखुज थे और संचालन प्रा. सदानंद सार्वे ने किया। इसके बाद वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मंगला खूने एवं प्रमोद जयपुरकर परीक्षक के रूप में उपस्थित थे। मंगला खूने ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी और परिणाम घोषित किए, जबकि प्रमोद जयपुरकर ने विद्यार्थियों को प्रभावी अध्ययन के गुर सिखाए।

खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दौड़, रस्साकशी, लंगड़ी दौड़ और बोरी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्या विकास शिक्षण संस्था,




हिंगनघाट की सचिव डॉ. नयना तुलसकर ने किया। 21 जनवरी को सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर कोठारी मुख्य उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रा. अभिजीत दखोरे थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश तुलसकर ने की। इस अवसर पर तुलसकर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, हिंगनघाट के प्राचार्य राकेश साटोने और विद्या विकास जूनियर कॉलेज, हिंगनघाट के प्राचार्य नितेश रोडे भी उपस्थित रहे।

डॉ. सुधीर कोठारी ने अपने संबोधन में अनुशासित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और शिक्षा को अनुभव से जोड़ने की आवश्यकता बताई। प्रा. अभिजीत दखोरे ने पारंपरिक एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रा. अभय दांडेकर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. महेंद्र गुंडे ने दिया।

22 जनवरी 2025 को पहले सत्र में प्रा. ज्ञानेश वाकुडकर द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिंधी रेलवे, समुद्रपुर और हिंगणघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुणावर मुख्य अतिथि रहे। विद्या विकास शिक्षा संस्थान की निदेशक डॉ. जया तुलसकर, विद्या विकास महाविद्यालय समुद्रपुर के प्राचार्य डॉ. किशोरचंद्र रेवतकर और डॉ. राजविलास करमोरे भी उपस्थित रहे।

विधायक समीर कुणावर ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के प्रति ईमानदार रहने की सीख दी, जबकि प्रा. ज्ञानेश वाकुडकर ने "साखे सजनी" कार्यक्रम के माध्यम से काव्यात्मक शैली में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण संदेश दिए. दूसरे सत्र में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नाटक, नृत्य और फैशन शो शामिल रहे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन छात्रा निखुजा जोशी और मृणमई डफ ने किया।

महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सांस्कृतिक विभाग की प्रमुख संगीता लांडगे ने आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को न केवल अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ।

# 41 करोड़ रुपये के विकास कार्य कब पूरे होंगे?

**अकोला.**

अनुसूचित जाति और नवबौद्ध बस्ती विकास (दलित बस्ती विकास) योजना के तहत जिले में काम के बारे में शिकायतों के कारण, पालकमंत्री ने 31 जनवरी को जिला परिषद प्रशासन को जिला परिषद स्तर पर पिछले प्रस्ताव को रद्द करने और योजना बनाने का निर्देश दिया। काम। 'मार्च एंडिंग' में अब केवल दो महीने शेष रह गए हैं, ऐसे में जिला परिषद प्रशासन के सामने अब दुविधा यह है कि 41 करोड़ रुपये के फंड के तहत संबंधित विकास कार्यों की पुनर्योजना और क्रियान्वयन कब होगा।

दलित बस्ती विकास योजना के तहत जिले में प्रस्तावित कार्यों के संबंध में शिकायतों के कारण, राज्य के श्रम मंत्री और जिले के पालकमंत्री, एडवोकेट ने जिला परिषद समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्यों के पिछले प्रस्ताव को रद्द करने का निर्देश दिया है और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के अनुसार कार्यों की योजना बनाना। आकाश फुंडकर ने जिला योजना समिति की डीपीसी बैठक में जिला परिषद प्रशासन को दिया।

# आंदोलन का हुआ असर, मनपा ने शुरू सुरक्षा दिवार का निर्माण किया शुरू

**अमरावती.**

अमरावती के पन्नालाल नगर में बड़े नाले की सुरक्षा दीवार न होने के कारण सड़क धंस गई, जिससे नागरिकों का मुख्य मार्ग बंद हो गया था। इस रास्ते की अनदेखी के खिलाफ पूर्व नगरसेवक और स्थायी समिति के पूर्व सभापति मिलिंद बांबल ने आक्रामक आंदोलन छेड़ा था, जिसका सकारात्मक परिणाम हुआ और नाले की सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई।

अंबा नाले के दोनों किनारों पर सुरक्षा दीवार न होने के कारण हर साल बरसात के दौरान स्थानीय नागरिकों को जान जोखिम में डालनी पड़ती थी। दो महीने पहले पुल के पास सड़क पूरी तरह धंस गई, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। नागरिकों ने इसे ठीक करने के लिए मनपा को निवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। संभावित दुर्घटनाओं और जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए मिलिंद बांबल ने खुद नाले में उतरकर आंदोलन किया। नाले का पानी अत्यंत गंदा था, उसमें बड़े गड्ढे थे, जिससे पानी की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल था। नाले में सांपों की भी भरमार थी, लेकिन फिर भी मिलिंद बांबल ने बिना अपनी जान की परवाह किए आंदोलन किया।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध

## > नागरिकों ने अभियंता को दिया ज्ञापन

**देवली.**

महावितरण कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की है, लेकिन इस कदम के खिलाफ नागरिकों द्वारा विरोध दर्ज कराया जा रहा है। देवली की आटा मिल के मालिक संघ और नागरिकों ने मिलकर एक ज्ञापन देवली के उपविभागीय कार्यकारी अभियंता प्रेम तेलरांधे को सौंपा, जिसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ विरोध जताया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि महावितरण कंपनी द्वारा अनुमोदित निविदा के अनुसार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत 12,000 रुपये प्रति मीटर है, जिसमें केंद्र सरकार की ओर से प्रति ग्राहक 900 रुपये का अनुदान मिलेगा, लेकिन इसके बावजूद शेष



11,100 रुपये का ऋण खर्च होगा, जिसे नागरिकों पर नहीं लादा जा सकता है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इस मीटर के उपयोग से बिजली की प्रति यूनिट कीमत में 30 पैसे या उससे अधिक की वृद्धि हो सकती है, जो नागरिकों के लिए अत्यधिक है।

नागरिकों का कहना है कि केंद्र सरकार ने बड़ी कंपनियों को वित्तीय लाभ प्रदान करने के लिए यह नीति बनाई है, जबकि बिजली अधिनियम, 2003 के अनुसार उपभोक्ताओं को मीटर का चयन करने का कानूनी अधिकार है। इसके बावजूद, केंद्र सरकार ने अनिवार्य रूप से यह मीटर लगाने का निर्णय लिया है, जो नागरिकों के लिए मुश्किल पैदा कर रहा है।

### ज्ञापन देते समय उपस्थित नागरिक

बालाजी मानसाता, शेख कलाम, जावेद शेख, भानुदास दुरगुडे, प्रशांत पिंपलकर, देवेंद्र कोपरकर, योगेश गनविर, समद शेख, चिंतामन तराले, शेख मुख्तार, सुरेश खाडे सहित अन्य नागरिक।

याद रहे कि ऊर्जा मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर किसी भी हालत में नहीं लगाए जाएंगे, लेकिन चुनाव के बाद सरकार ने अपनी नीति बदल ली, जिससे नागरिकों में असंतोष है।

# 900 किमी की राम यात्रा पर निकले दिव्यांग योद्धा गोपाल पवार

**वर्धा.**

वर्धा के रहने वाले दिव्यांग योद्धा गोपाल पवार ने 900 किलोमीटर की "राम सायकिल यात्रा" शुरू की, जो वर्धा से अयोध्या तक जाएगी। यह यात्रा उनके अपार हौसले और संघर्ष का प्रतीक बन गई है। इस यात्रा के दौरान गोपाल पवार को विभिन्न संस्थाओं से भरपूर सहयोग मिल रहा है।

राष्ट्रीय बजरंग दल के विदर्भ प्रांत अध्यक्ष अनूप जायसवाल ने इस यात्रा में गोपाल पवार का साथ देने का वचन लिया और डॉ. प्रवीण तोगड़िया से बात करके यात्रा के मार्ग में प्रत्येक 90 से



100 किलोमीटर की दूरी पर रात्रि निवास और भोजन की व्यवस्था करवा दी।

यात्रा के पहले दिन 31 जनवरी को गोपाल पवार ने कामठी तक की दूरी तय की। 1 फरवरी को वे खवासा (मध्यप्रदेश) पहुंचे, 2 फरवरी को छपारा, 3 फरवरी को बरगी, 4 फरवरी को सिहौर, 5 फरवरी को मनगवां, और 6 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के शिविर में दो दिन विश्राम करेंगे। इसके बाद वे अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। गोपाल पवार की इस साहसिक यात्रा को उनके मित्र मंडली और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं का पूरा समर्थन प्राप्त है। गांधी सिटी लायंस क्लब के अध्यक्ष पोहाने, अनिल नरेडी, प्रहार अपंग क्रांति बेरोजगार कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष प्रमोद कुरटकर, सचिव सिद्धार्थ उरकुडे, राष्ट्रीय बजरंग दल के शहर अध्यक्ष उत्कर्ष पुसदेकर, पूर्व जिला अध्यक्ष स्वप्निल ठाकरे, और निलेश वैद्य ने इस यात्रा की शुरुआत में गोपाल पवार को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाएं दीं।

यह यात्रा न केवल दिव्यांगता के बावजूद हिम्मत और संघर्ष की मिसाल है, बल्कि यह भारत की धार्मिक एकता और समर्पण का प्रतीक भी बन चुकी है।

# 872 सरकारी स्कूलों का सर्वेक्षण 33 प्रतिशत में पीने का पानी नहीं

**नागपुर.**

महाराष्ट्र में ग्रामीण इलाकों के कक्षा पहली से आठवीं तक के 33 फीसदी सरकारी स्कूलों में बच्चों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। यह चौंकाने वाला खुलासा प्रथम संस्था की रिपोर्ट "असर - 2024' में हुआ है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि 6 फीसदी स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग से टायलेट नहीं है। साफ पर्यावरण और शुद्ध जल यह व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, लेकिन दुखद स्थिति यह है कि सरकार स्कूलों में पीने के लिए पानी तक नहीं पहुंचा पाई है। हकीकत प्रथम संस्था की रिपोर्ट बताती है कि राज्य में एक ओर 95 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन दिया जा रहा है, लेकिन अफ़सोस की बात है कि, आज भी 19 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है। 14 प्रतिशत स्कूलों में पीने के पानी के लिए टंकी या नल तो है, लेकिन



उनमें पानी मौजूद नहीं है। यानी कुल मिलाकर 33 प्रतिशत स्कूलों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है।

872 सरकारी स्कूलों का दौरा प्रथम संस्था ने महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाके में कक्षा पहली से आठवीं तक के सबसे बड़े 872 सरकारी स्कूलों का दौरा किया। इसमें 409 प्राथमिक और 463 उच्च प्राथमिक स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों के सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में 95 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में छात्रों को मध्यान्ह भोजन मिल रहा है। वर्ष 2010 में मध्यान्ह भोजन का प्रतिशत 90 था। वर्ष 2018 में यह 94 प्रतिशत था। बाद में वर्ष 2022 में यह घटकर 93 प्रतिशत हुआ और 2024 में इसमें 2 प्रतिशत की बढ़त हुई। नहीं 'सुधरे' जिम्मेदार स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा की बात करें तो, वर्ष 2010 में 18.7 प्रतिशत स्कूलों में पीने का पानी की सुविधा नहीं थी। वर्ष 2018 में इसमें सुधार होकर 15.7 प्रतिशत हुआ। वर्ष 2022 में भी इसमें और सुधार हुआ, जिससे स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं होने वाले घटकर स्कूल 12.3 प्रतिशत रह गए, लेकिन 2024 में यह समस्या बढ़कर सीधे 19 प्रतिशत तक पहुँच गई। जिन स्कूलों में टंकी या नल तो थे, लेकिन उनमें पानी नहीं था, वे क्रमशः वर्ष 2010 में 12.3 फीसदी , 2018 में 13.4 फीसदी, 2022 में 20.4 फीसदी और 2024 में 14.4 फीसदी थे। छात्रों के लिए कंप्यूटर आज बेहद आवश्यक, लेकिन 52 प्रतिशत ही प्रदेश के स्कूलों में छात्रों के उपयोग हेतु कंप्यूटर आज उपलब्ध है। 48 प्रतिशत स्कूल आज भी ऐसे हैं, जहां छात्रों के उपयोग हेतु कंप्यूटर उपलब्ध नहीं। 31.3 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर है, लेकिन छात्रों द्वारा इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है।

20.4 प्रतिशत ही स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। लड़कियों के अलग से शौचालय जरूरी है, लेकिन 6 प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के शौचालय के लिए कोई अलग प्रावधान नहीं है। 21.7 प्रतिशत स्कूलों में अलग प्रावधान है, लेकिन ताला लगा हुआ है।

13.9 प्रतिशत स्कूलों में शौचालयों के लिए अलग प्रावधान है, खुला है लेकिन उपयोग योग्य नहीं है। 58.3 प्रतिशत शौचालयों का अलग प्रावधान है, खुला है और उपयोग हो रहा है। कुल मिलाकर ऐसी स्थिति सभी के लिए शौचालय सुविधा की बात करे तो 2.8 प्रतिशत स्कूलों में शौचालय की सुविधा नहीं है।

## गरीब, मध्यमवर्ग, किसान, महिला व युवाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ जनहितैषी बजट: प्रा. केवलरामानी

**नागपुर.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2025 को गरीब, मध्यमवर्ग, किसान, महिला और युवाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ और संतुलित बजट बताया गया है। मध्य रेलवे यात्री कल्याण परिषद, नागपुर के अध्यक्ष प्रा. विजय केवलरामानी ने इस बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ निवेश, खर्च और बचत को भी प्रोत्साहित करेगा।प्रा. केवलरामानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस बजट में विज्ञान, स्वास्थ्य, रोजगार, स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। साथ ही, मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट प्रदान की गई है, जिससे इस वर्ग के लोगों के पास अधिक पैसा बचेगा और वे निवेश व बचत कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बजट में नए मेडिकल कॉलेजों



की स्थापना, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, पर्यटन को बढ़ावा देने जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं, जो देश की प्रगति को गति देंगे। यह बजट हर वर्ग के लिए फायदेमंद और संतुलित है, जो आर्थिक रूप से भारत को सशक्त बनाएगा। प्रा. केवलरामानी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीब, मध्यमवर्ग, किसान, महिला और युवाओं के लिए हितकारी बजट प्रस्तुत करने के लिए हार्दिक अभिनंदन किया।

## कारपेट क्राफ्ट डिजाइन कार्यशाला का भव्य उद्घाटन

**नागपुर.**



जिले के देहेगांव रोड, साईंनगर, चनकापुर में 30 आर्टिजनों के लिए कारपेट क्राफ्ट डिजाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ कार्यालय विकास आयुक्त, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, नागपुर से आए श्री दिलीप कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर माँ जगदंबा बहुउद्देश्यीय महिला स्वयंसेवी संस्था की अध्यक्ष प्रीति पेठे, मास्टर कादिर महाजन, डिजाइनर जुनुकी रमटेके, एवं सभी कारागीर उपस्थित रहे।

यह कार्यशाला 1 फरवरी से 23 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जो कार्यालय विकास आयुक्त, हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। इसमें 30 महिला आर्टिजनों का चयन किया गया है, जिन्हें नए-नए डिजाइन और उत्पाद निर्माण की बारीकियां सिखाने के लिए डिजाइनर जुनुकी रमटेके और मास्टर कादिर महाजन को नियुक्त किया गया है। ये विशेषज्ञ 50 दिनों तक आर्टिजनों को कालीन और अन्य फर्श कवरिंग कला कौशल, उत्पाद निर्माण और आधुनिक डिजाइन के बारे में मार्गदर्शन देंगे। उद्घाटन समारोह में दिलीप कुमार जी ने कार्यशाला के नियमों और उद्देश्यों की जानकारी दी और सभी आर्टिजनों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। संस्था की अध्यक्ष प्रीति पेठे ने आर्टिजनों से नियमों का पालन करते हुए कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूरा करने की अपील की। मास्टर क्राफ्ट पर्सन ने कार्यशाला की निर्धारित अनुसूची और समय-सीमा की जानकारी देते हुए सभी को समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

अंत में, सुनीता वासनिक ने उपस्थित अतिथियों और सभी आर्टिजनों का आभार व्यक्त किया।

## गायत्री शक्तिपीठ सौसर में मनाया बसंत पर्व



**सौसर.** पांच कुंडिय गायत्री महायज्ञ के साथ स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में बसंत पर्व पूजन किया गया इस अवसर सैकड़ों परिजनों ने 40 दिवसीय गायत्री मंत्रानुष्ठान करने का संकल्प लिया शक्तिपीठ प्रबंधन से चित्रसेन रबड़े ने बताया कि भविष्य में संपूर्ण क्षेत्र नवचेतना केंद्रों के माध्यम से विविध गतिविधियां संपन्न होगी। अंत में प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे ने समस्त परिजनों का आभार प्रकट किया। इस आयोजन सभी वरिष्ठ उपस्थित रहे यज्ञ संचालन ब्रह्मवादिनी बहनों द्वारा हुआ।

## बल्लारशाह आरपीसीएल बना चैंपियन

### नागपुर में क्रिकेट का रोमांच, बल्लारशाह ने दिखाया दम

### > शिव शक्ति को 48 रनों से हराया



**नागपुर.**

रविवार रात मेकोसाबाग मेथोडिस्ट स्कूल ग्राउंड, कदबी चौक पर हुए रॉयल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 9 के फाइनल में न्यू टारगेट बल्लारशाह ने शिव शक्ति को 48 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस रोमांचक मुकाबले में बल्लारशाह की टीम हर क्षेत्र में हावी रही और शानदार प्रदर्शन कर विजेता बनी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बल्लारशाह की टीम ने 8 ओवर में 2 विकेट पर 108 रन बनाए। अहमद अक्सरी ने शानदार 48 रन बनाए, जिसमें बेहतरीन चौके-छक्के शामिल थे। कार्तिक राठौड़ 37 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

शिव शक्ति के सौरभ यादव ने 2 विकेट लेकर टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की, लेकिन गेंदबाज ज्यादा प्रभावी साबित नहीं हुए। शिव शक्ति की कमजोर बल्लेबाजी बनी हार की वजह 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव शक्ति की टीम दबाव में नजर आई और सिर्फ 60 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। निशांत कटारिया ने 21 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। बल्लारशाह के जतिन वर्मा और नितिन कटारिया ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट झटके और टीम को जीत दिलाई। विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार बल्लारशाह को शानदार जीत के लिए ट्रॉफी और 2 लाख रुपये का इनाम दिया गया। उपविजेता शिव शक्ति को 1 लाख रुपये और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में गणमान्य उपस्थित समापन समारोह में डॉ. संदीप शिंदे, संदेश और एस एंड एस स्टडी सर्कल के सुभाष, जिला अधीक्षक रेव्ह संदेश चांदेकर, मेथोडिस्ट स्कूल के प्रिंसिपल हेमंत ढलवाले, माधव बाकरे, मूरली उदासी, मोहम्मद अनीस ओपाई, रवींद्र सिंह राणा, उमेश जगवानी, अरशद सिद्दीकी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बल्लारशाह की जीत से प्रशंसकों में खुशी बल्लारशाह की इस शानदार जीत से उनके प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। टीम के खिलाड़ियों को बधाइयों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। समापन समारोह का संचालन रोहित कैशलवार ने किया।


